wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-86 सागवाड़ा, बुधवार,24 नवम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## 50 लाख के मौताणे की मांग को लेकर बेडसा फला कोढाला में घर पर हमला करने के मामले में 5 आरोपियों गिरफ्तार



**डूंगरपुर।** जिले की चौरासी थाना पुलिस ने 50 लाख के मौताणे की मांग को लेकर बेडसा फला कोढाला में घर पर हमला करने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की 3 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दी गई थी की तीन माह बेडसा फला कोढाला निवासी गाँव के शान्ति व दिनेश की बाइक की टक्कर हुई थी हादसे में शान्ति की मौके पर मौत हो गई थी। जिसके बाद से मृतक शान्ति के परिजन दिनेश के परिवारजनों से 50 लाख मौताणे की मांग कर रहे थे और धमकी दे रहे थे। इसी बीच 2 अक्टूबर को खेमराज खांट, सोमा खांट, राहुल खांट, बंशीलाल खांट और महेश खांट ने दिनेश के परिवार वाले के घर पर तलवार व लट्ठ लेकर हमला बोल दिया था इस दौरान दिनेश का परिवार जान बचाकार वहा से भाग गए थे वही पीछे से हमलावरों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की वही चांदी के आभुषण लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए पांचो आरोपियों को चौरासी पुलिस ने आज गिरफ्तार किया। इधर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## डूंगरपुर व सागवाड़ा शहर में सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 9 करोड रुपए का बजट स्वीकृत

**डूंगरपुर ।** डूंगरपुर जिले के डूंगरपुर और सागवाड़ा शहर में बारिश के बाद टूटी सड़कों को मरम्मत करने का काम शीघ्र ही शुरू होगा। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2021-22 के तहत जिले की दोनों निकायों में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 9 करोड रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। नगर परिषद आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि डूंगरपुर शहर में 29 सड़कों के लिए 4 करोड़ 87 लाख ओर सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में 32 सड़कों की मरम्मत के लिए 4 करोड रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। आयुक्त नरपत सिंह ने बताया कि डूंगरपुर शहर के भीतरी इलाकों में आगामी दिनों मैं पेयजल योजना और सीवरेज का काम होना है इसलिए पुराने शहर की सड़कों की मरम्मत इस बजट से नहीं की जाएगी वही शहर के बाहरी इलाकों में 4.87 करोड़ की लागत से करीब 20 किलोमीटर की सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा वही सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में भी 4 करोड़ की लागत से 10 किलोमीटर सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त ने बताया कि दोनों शहरों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कराया जाएगा जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है वहीं दिसंबर माह के अंत तक कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

## शान्तिनाथ मन्दिर मे पंच कल्याणक विधान सम्पन्न

**सागवाडा।** नगर के श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर एवम भगवान मुनिसुव्रतनाथ जिनालय योगीन्द्र गिरि के पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मे सकल दिगम्बर जैन समाज सागवाडा द्वारा बुधवार को श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन सोनियाजी मन्दिर मे पंच कल्याणक विधान प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद पगारिया विरल के तत्वावधान में धूम धाम से सम्पन्न हुआ मन्दिर व्यवस्था समिति के कोषाध्यक्ष अश्विन बोबडा ने बताया कि इस अवसर पर बुधवार को प्रातः श्रद्धालुओं द्वारा मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान का एवं विधि नायक प्रतिमा का विविध द्रव्य पूरित कलशो से महाअभिषेक किया गया साथ ही कुणाल प्रदीप दोसी एवम पवन कुमार गोवाडिया द्वारा विश्व शांति कामनार्थ शांतिधारा की गई सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, पंच मंगल कलश स्थापना, अखंड दीप प्रज्वलन के बाद नव देवता पूजा की गई प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ इंद्र इन्द्राणियों के समूह द्वारा पंचकल्याणक विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य श्रीफल युक्त 125 अर्घ समर्पित किए गए। महाअर्घ, शांति पाठ एवम विसर्जन विधि के साथ विधान संपन्न हुआ सांय 108 दीपको से भगवान की महाआरती उतारी गई एवं भजन संध्या गरबा भक्तिरास का आयोजन हुआ।

## भाजपा नेता देश को धोखा दे रहे है: दिनेश खोड़निया





**डूंगरपुर।** जिला कांग्रेस कमिटी की और से आज बांग्लादेश को आजाद करवाने की जयंती मनाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देश की सुरक्षा और विकास में योगदान को याद किया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने बतौर मुख्य अथिति कहा की 70 के दशक में देश कांग्रेस के राज में इतना सक्षम हो गया था कि पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश को आज़ाद कराया था। लेकिन आज के बीजेपी के नेता देश को धोखा दे रहे है।

खोड़निया ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रात को सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को मार गिराया, लेकिन सबूत के नाम पर सरकार के हाथ खाली रहे। वही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपने शासन काल में दुश्मन देश के 90 हजार सेनिको का आत्मसमर्पण कराया जो एतिहासिक और गोरव्मायी घटना है। पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद सहित अन्य वक्ताओ ने भी कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों से आमजन को अवगत करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत करने का आव्हान किया।



## आरएएस से आईएएस बने अधिकारी मिले अपने सीएम से

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आरएएस से पदोन्नत होकर आईएएस बने अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। गहलोत ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज के सभी वर्गों के कल्याण की भावना से कार्य करें।

## अपहरण मामले में हिस्ट्रीशीटर समेत 5 को पकड़ा

**उदयपुर।** उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने अपहरण और मारपीट के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बीते दिनों एक युवक का अपहरण कर मारपीट की थी। सूरजपोल पुलिस ने भी पैरोल से फरार हत्या के सजायाफ्ता बंदी को भी गिरफ्तार किया। चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ क्षेत्र का रहने वाला यह बंदी करीब 2 महीनों से फरार था। एसपी मनोज चौधरी ने बताया कि 10 नवंबर को प्रार्थी समीना खान ने अपने भाई की अपहरण की रिपोर्ट देते हुए एक नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दी। इस पर टीम ने जांच के बाद जानकारी जुटाई तो इसमें उसी क्षेत्र के रहने वाले आदतन अपराधी शादाब का नाम सामने आया। थाना अधिकारी रविंद्र चारण की टीम ने राजसमंद जिले के देवरी खेड़ा के जंगलों में मुखबिर की सूचना पर शादाब के साथ शोयब पठान, अनीस बख्स, मोहसीन उर्फ मोहम्मद अली और रज्जाक खान को गिरफ्तार किया।

## अवैध शराब से भरे एक ट्रोले को जब्त कर ट्रोला चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में गुजरात बॉर्डर पर स्थित रतनपुर पुलिस चौकी द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम को लेकर कार्रवाईया लगातार जारी है। बीती रात भी रतनपुर पुलिस चौकी ने अवैध शराब से भरे एक ट्रोले को जब्त कर ट्रोला चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि शराब तस्करी की सूचना मिलने के बाद रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रोले को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें सॉप स्टोन पाउडर के कट्टों के पीछे अवैध शराब भरी मिली जिस पर पुलिस ने ट्रोले को जब्त कर लिया साथी राजसमंद निवासी चालक गणपत वैष्णव और उसके सहयोगी लूम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ट्रोले से 5 लाख रुपये कीमत की 100 कार्टन अवैध शराब जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह शराब को राजसमंद से भरकर गुजरात के मोरबी ले जा रहे थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

अश्रुपुत श्रद्धांजलि



हर दिल अजीज , सभी का दुलारा

नयन भट्ट


पुत्र विनोद जी भट्ट निवासी दीवड़ा छोटा का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन दिनांक 20.11.2021 शनिवार को हो गया है।

शोकाकुल परिवार दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करता है।
पगड़ी रस्म 01.12.2021 बुधवार को रखा गया है।
( तुम न जाने किस जहां में खो गए ,हम भरी दुनिया में तन्हा हो गए )

:: शोकाकुल ::

दीपिका विनोद जी भट्ट ( मम्मी पापा ), हिमानी लोचन भट्ट ( भाभी भैय्या ), निशा ( पत्नी ), दक्ष ( पुत्र ) , जूली चंद्रेशजी व्यास ( जीजी जीआजी ) , इंदिरा शैलेश जोशी, अर्चना योगेश जोशी, मीनाक्षी अनिल जोशी ( मामी मामा ), पहल ( भतीजी ), भार्गव, नंदिनी ( भानेज ) , हार्दिक, खुशाल, युक्ता, परी, हिलोर, खनक, निवा ( भाई बहन )।

## उदयपुर में फिर कोरोना की एंट्री



**उदयपुर।** उदयपुर में बुधवार को तीन नए कोरोना संक्रमित सामने आए। पॉजिटीव तीनों एक ही परिवार से हैं, जिसमें पति-पत्नी और पुत्र शामिल है। इसके साथ ही उदयपुर में अब कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 7 हो गए हैं। इससे पहले 5 दिन एक भी पॉजिटीव सामने नहीं आया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खराड़ी ने बताया कि संक्रमित आए पति-पत्नी और 15 वर्षीय पुत्र ठोकर चौराहा इलाके में रहने वाले हैं, जो दीपावली के मौके पर जगन्नाथपुरी गए थे। उदयपुर लौटने के साथ ही परिवार के तीनों लोगो को हल्का सर्दी जुखाम हो रहा था। पिछले 2 दिनों से तकलीफ बढ़ने पर उन्होंने अस्पताल दिखाया, जहां टेस्ट में वो पॉजिटिव मिले हैं। फिलहाल अस्पताल में सिर्फ एक व्यक्ति को भर्ती किया गया है। मंगलवार को 751 लोगो के सेम्पल लिए गए थे। खराड़ी ने बताया कि पर्यटन सीजन के साथ लोगो मास्क नहीं पहनने की लापरवाही भारी पड़ सकती है। लोग कोविड वैक्सीनेशन के बाद कई बार मास्क और सोशल डिस्टेनसिंग के नियमों का पालन नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि खास तौर पर बाहर से यात्रा कर लौटे लोगो को सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण लगने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। बता दें कि इससे पहले 3 नवम्बर को 2, 15 नवंबर को 2, 16 नवंबर को 1 और 19 नवंबर को एक संक्रमित मिला था। फिलहाल 6 होम आइसोलेट है। विभागीय आंकड़ो की माने तो उदयपुर में अब तक दो वर्षो में उदयपुर में 754 लोगो की कोरोना से मौत हो चुकी है।

## मुख्यमंत्री कोष से पांच लाख अस्सी हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर आपदा प्रबंधन एवं सहायता सुरेश कुमार ओला ने आदेश जारी कर उपखण्ड क्षेत्र डूंगरपुर, बिछीवाड़ा एवं सीमलवाड़ा में अलग-अलग घटित आकास्मिक दुर्घटनाओं में मृतक के आश्रित परिजन एवं घायलों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल पांच लाख अस्सी हजार रूपयें की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जारी आदेश के अनुसार तहसील डूंगरपुर के संतोष पिता देवराम निवासी खेड़ा कच्छवासा, प्रेमशंकर पिता नाथुलाल निवासी नरणीया व लक्ष्मी देवी पति भागीरथ तेली निवासी शास्त्री कॉलोनी, तहसील बिछीवाड़ा के रमेश पिता कोया निवासी झालुकुआ व कावा/थावरा निवासी झींझवा के आकास्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित परिजन को एक-एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में तहसील डूंगरपुर के रामलाल पिता सोमाजी निवासी सतीरामपुर, तहसील बिछीवाड़ा के कृष्ण पिता सोमा उर्फ होमा निवासी संचिया, राहुल पिता जयन्तिलाल निवासी गोरादा एवं अनिल पिता जवाहरलाल खराड़ी निवासी बेड़ा के आकस्मिक दुर्घटना में घायल होने पर बीस-बीस हजार रूपयें की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही मृतक व्यक्ति के आश्रित परिजन को मुख्यमंत्री की ओर से शोक संवेदना पत्र पढ़कर सुनाये जाने के लिए भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है।